महत्वपूर्ण एवं खास

चक्रवात से बने निम्नदाब के कारण दक्षिणी छत्तीसगढ़ में होगी हल्की वर्षा

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश में काफी मात्रा में बंगाल की खाड़ी से नमी आने के कारण आंशिका रूप से बादल छाए हुए हैं। प्रदेश में आज प्रदेश के उत्तरी भाग में आंशिक रूप से हम बादल रह सकते हैं तथा मौसम शुष्क रहेगा। प्रदेश के दक्षिणी भाग में आंशिक रूप से बादल रहने की संभावना है साथ ही एक-दो स्थानों पर बस्तर संभाग के जिलों में वर्षा भी हो सकती है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में अगले 2 दिनों में 1 से 2 डिग्री तक वृद्धि हो सकती है। प्रदेश के दक्षिणी भाग में अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट होने तथा उत्तरी भाग में अधिकतम तापमान में मामूली वृद्धि हो सकती है।

ट्रेलर पलटने से एनएच पर जाम

कोरबा (आरएनएस)। उरगा. चांपा नेशनल हाईवे पर जाम लगने से लोग पहले से ही परेशान हैं। शनिवार सुबह 5 बजे मड़वारानी से पुरेना के बीच कोयले से लगा ट्रेलर बीच सडक़ में पलट गया। फोरलेन सडक़ निर्माण शुरू होने से आवाजाही के लिए कोई दूसरा विकल्प नहीं है। इस वजह से वाहनों की लंबी कतार लग गई। जिसके छोटे वाहन भी फंस गए। सुबह 10 बजे किसी तरह ट्रेलर को सडक़ के किनारे किया गया। इसके बाद ही आवाजाही शुरू हो पाई।

तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की ठोकर से एक की मौत, दूसरा गम्भीर

कवर्धा (आरएनएस)। जमुनिया निवासी मुस्लिम खान और महेश पटेल रणवीरपुर के बिजली ऑफिस के पास से गुजर रहे थे इसी दौरान किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मुस्लिम खान और महेश पटेल को ठोक दिया। ठोकर इतना था की मृतक मुस्लिम खान का सिर फट गया और मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे साथी महेश पटेल के कान से भी खून बहुत बह रहा था। जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल कबीरधाम रेफर किया गया है।मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज पुलिस अज्ञात वाहन का पता लगाने में जुट गई है।

बकरी चराने गया बुजुर्ग हाथी के हमले से घायल

कोरबा (आरएनएस)। वन मंडल कटघोरा के पसान रेंज में घूम रहा 44 हाथियों का झुंड मरवाही वन मंडल चला गया है, लेकिन एक हाथी बच्चे के साथ झुंड से अलग होकर केंदई रेंज पहुंच गया। हाथी ने बकरी चराने गए बुजुर्ग को सूंड से उठाकर पटक दिया। इससे वह घायल हो गया। बुजुर्ग को स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। केंदई रेंज के कोरबी सर्किल में ग्राम पोड़ी खुर्द के खड़पड़ी पारा निवासी राम लाल यादव 70 पिता बच्चू लाल शनिवार सुबह 11 बजे पास के जंगल में बकरी चराने गया था। इसी दौरान उसका सामना हाथी से हो गया। वह भाग पाता इसके पहले हाथी ने सूंड से उसे पटक दिया। यह तो अच्छा था कि दलदली जमीन होने से उसकी जान बच गई। गंभीर हालत में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डिप्टी रेंजर एमके साहू ने बताया कि घायल बुजुर्ग को एक हजार रुपए की तत्कालिक सहायता राशि दी गई है। हाथी शुक्रवार रात ही पहुंचा है। ग्रामीणों को जंगल की ओर नहीं जाने सतर्क कर दिया गया है।

महिला के गले से सोने की चेन पार

रायपुर (आरएनएस)। हाईस्कूल मैदान में कार्यक्रम के दौरान अज्ञात चोर ने महिला के गले से सोने की चेन पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर आरंग पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कलई निवासी प्रार्थिया नीरूपा लोधी 27 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि हाईस्कूल मैदान आरंग में कार्यक्रम चल रहा था। जिसमें प्रार्थिया भोजन लेने गई थी। तभी अज्ञात चोर ने प्रार्थिया के गले में पहने सोने की चेन पार कर दिया। चोरी गए चेन की कीमत करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर आरंग पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

चेक बुक इश्यू करवाने वाले टेलीफोनिक ठगी के चार आरोपी गिरफ्तार

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले में बस्तर पुलिस द्वारा टेलीफोनिक ठगी के मामलों के दृष्टिगत सायबर सेल के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज सायबर ठगी अन्तर्गत एक अपराधिक प्रकरण जिसमें एसबीआई के खाता धारक विजय पांडे को कस्टमर केयर से बोल रहा हूं, चेक बुक इश्यू करवाने के लिए एनीडेस्क एप्लीकेशन को डाउनलोड करना होगा कहकर 02 लाख 45 हजार का ऑनलाईन ठगी करने वाले 04 ठगी के आरोपी अखिलानंद सिंह, राजेश कुमार यादव, विकास राज तिवारी एवं राहुल कुमार को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मोबाईल 04 नग, आधार कार्ड 02 नग, एक पुराना लैपटाप एचपी कम्पनी का मय की बोर्ड, सिमकार्ड 12 नग, पेनकार्ड 02 नग, एटीएम कार्ड 03 नग, वोटर आईडी कार्ड 01 नग, एटीएम स्वाइप मशीन, कलर प्रिन्टर एच पी कम्पनी, नगद राशि 29,500 रूपये बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सितम्बर 2022 में मामले के प्रार्थी छोटे आमाबाल निवासी विजय पांडे अपने एसबीआई भानपुरी ब्रांच के खाता का चेकबुक प्राप्त करने के लिए कस्टमर केयर नंबर पर आवेदन किए थे। आवेदन करने के कुछ दिन बाद फर्जी मोबाइल नंबर से विजय पाण्डेय को कस्टमर केयर एजेंट बोल रहा हूं कहकर फोन किया और प्रार्थी को उसके मोबाइल में एनीडेस्क एप्लीकेशन को डाउनलोड कर प्रोसेस करने के लिए कहा, प्रार्थी कालर के झांसे में आकर एनीडेस्क एप्लीकेशन डाउनलोड कर लिया और कॉलर के कहे अनुसार प्रोसेस करने लगा, कुछ देर बाद ही विजय पांडे के मोबाइल पर 02 लाख 45 हजार रूपये कट जाने का मैसेज आया। तब प्रार्थी को एहसास हुआ कि वह ठगा जा चुका है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर संबंधित कॉलर मोबाईल धारक एवं खाता धारक के विरुद्ध थाना भानपुरी में ठगी की धारा 420 भादवि. 66-डी आईटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया। अनुसंधान के दौरान मामले में आरोपी के बैंक खातो के विश्लेषण एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेही के उपस्थिति की जानकारी जिला शेखपुरा, जिला समस्तीपुर, जिला मुंगेर बिहार ठगी के 04 आरोपी अखिलानंद सिंह पिता अशोक सिंह, राजेश कुमार यादव पिता स्वर्गीय दयानंद यादव, विकास राज तिवारी पिता नरेंद्र नाथ तिवारी राहुल कुमार पिता बासुकी यादव को गिरफ्तार किया है। उपरोक्त आरोपियों के द्वारा योजनाबद्ध तरीके से ठगी करना स्वीकार किया। आरोपी को बिहार से गिरफ्तार कर, जगदलपुर लाया गया जिसे रिमांड पर न्यायालय भेजा गया है।बस्तर पुलिस ने अपील करते हुए कहा है कि किसी भी कस्टमर केयर नंबर पर एजेंट के द्वारा कहे जाने पर कोई भी एप्लीकेशन बिना विचार के डाउनलोड ना करें ऑनलाइन ठगी होने की संभावना ज्यादा होती है। किसी पर भी आंख मूंदकर विश्वास न करें, किसी भी व्यक्ति को अपनी जानकारी साझा ना करे और ना ही उसे कोई रूपये भेजे। नौकरी दिलाने के नाम पर लोक लुभावने ऑफर से सावधान रहें। नौकरी दिलाने के नाम पर किसी भी व्यक्ति को रूपये पैसे ना दे। केवायसी अपडेट करने के नाम पर किसी भी व्यक्ति को अपने व्यक्तिगत जानकारी अथवा बैंक खाते की जानकारी ना दें। लोन दिलाने, लॉटरी लगने, कम दर पर सामान उपलब्ध होने, बिजली बिल भुगतान करने एवं अन्य लोक लुभावने ऑफर हेतु मैसेज जिसमें लिंक क्लिक करने के लिये बोला जाता है, ऐसे लिंक को क्लिक ना करें।

ओम शान्ति के महामंत्र के साथ हुआ ब्रह्माकुमारी कमला दीदी का अन्तिम संस्कार

- माउण्ट आबू के अलावा अहमदाबाद, पानीपत, इन्दौर, उड़ीसा से पधारे थे संस्थान के पदाधिकारी
- अंत्येष्टि से पहले पूरे शहर में शोभा यात्रा निकाली गई
- अंत्येष्टि स्थल पर कमला दीदी की सेवाओं की प्रदर्शनी लगाई गई थी

रायपुर (आरएनएस)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की इन्दौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी कमला दीदी का अन्तिम संस्कार ओम शान्ति के महामंत्र के साथ विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर परिसर में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष संजय अग्रवाल, एडीशनल कलेक्टर उज्जवल पोरवाल, ब्यूटिशियन मिनाक्षी टूटेजा, पत्रकार प्रियंका कौशल सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

ब्रह्माकुमारी कमला दीदी का पार्थिव शरीर अन्तिम दर्शन हेतु विधानसभा मार्ग स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में शनिवार को दोपहर 12 बजे से रखा गया था। जहाँ पर सांसद सुनील सोनी, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर साहू आदि ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धाजंलि दी। वहीं राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने ट्वीट करके अपना शोक जताया। ब्रह्माकुमारीज की वरिष्ठ पदाधिकारी होने के कारण ब्रह्माकुमारी कमला दीदी को श्रद्धाजंलि देने के लिए छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, गुजरात, उड़ीसा, राजस्थान आदि राज्यों से भी बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारी संस्थान के पदाधिकारी आए थे। अंत्येष्टि से पहले कमला दीदी के पार्थिव शरीर को रथ में सजाकर शान्ति सरोवर से स्टेशन रोड होकर चौबे कालोनी स्थित सेवाकेन्द्र ले जाया गया। जहाँ पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय सहित चौबे कालोनी के लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। पश्चात स्वर्ग रथ को नवा रायपुर के सेक्टर-20 स्थित शान्ति शिखर सेवाकेन्द्र भी लेकर जाया गया। वहाँ के लोगों के द्वारा श्रद्धाजंलि देने के बाद रथ को वापिस शान्ति सरोवर लाया गया। अंत्येष्टि स्थल को शिवबाबा की तोरण पताकाओं से सुन्दर तरीके से सजाया गया था। साथ ही स्थल पर कमला दीदी की सेवाओं को प्रदर्शित करते हुए बड़े-बड़े प्रभावशाली कटआउट भी लगाए गए थे। बृजमोहन अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोगों ने कमला दीदी के प्रति उद्गार व्यक्त कर अपनी श्रद्धाजंलि दी।

प्रधान पाठक और नशेड़ी शिक्षक को एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान किया निलंबित

जशपुर (आरएनएस)। 4 माह से बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले प्रधान पाठक व शराब के नशे में धुत्त रहने वाले शिक्षक को डीईओ ने निलंबित कर दिया है। स्कूल के निरीक्षण में पहुँचे एसडीएम के जांच प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्यवाही की गई है। दोनो शिक्षको पर कार्यवाही से स्कूल शिक्षक विहीन हो गया है। पूरा मामला बगीचा विकासखंड का है। बगीचा विकासखंड के प्राथमिक शाला सेमरजोबला ग्राम पंचायत सामरबार संकुल सोनगेरसा में प्रधान पाठक सहित दो शिक्षक पदस्थ थे। जिनमें टीपन राम प्रधान प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ थे। व शीतल राम सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ थे। टीपन राम प्रधान 13 अगस्त से बिना किसी पूर्व सूचना अथवा अवकाश स्वीकृत करवाये बिना अनुपस्थित चल रहे थे। जबकि सहायक शिक्षक शीतल राम आये दिन शराब के नशे में धुत्त होकर स्कूल पहुँचते थे और स्कूल का ताला भी नही खोलते थे। स्कूल में ही मदिरा का सेवन करते थे और बच्चो से मारपीट करते थे। पालको द्वारा समझाइश देने पर उन्हें भी धमकी देते थे। सूचना पर बगीचा एसडीएम विजय खेस स्कूल के आकस्मिक निरीक्षण में पहुँचे थे। जहां उन्हें प्रधान पाठक टीफन राम अनुपस्थित मिले। तो वही सहायक शिक्षक शीतल राम शराब के नशे में धुत्त मिले। एसडीएम विजय खेस ने बगीचा थाने में ले जाकर शिक्षक शीतल राम का मुलाहिजा करवाया। जिसमे सहायक शिक्षक शीतल राम नशे में धुत्त मिले।

मंत्री उमेश पटेल ने सोनाखान पहुँचकर शहीद वीर नारायण सिंह को दी श्रद्धांजलि

रायपुर (आरएनएस)। उच्च शिक्षा मंत्री एवं बलौदाबाजार-भाटापारा जिलें के प्रभारी मंत्री उमेश पटेल ने छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतन्त्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर सोनाखान पहुंचकर शहीद स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पितकर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने स्मृति स्थल पर स्थापित शहीद वीर नारायण सिंह के आदम कद प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं विधायक चंद्रदेव राय, सुशकुंतला साहू, कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, अध्यक्ष जीव जंतु कल्याण बोर्ड विद्याभूषण शुक्ल, सदस्य अनुसूचित जनजाति आयोग गणेश ध्रुव, अध्यक्ष रजक कल्याण बोर्ड लोकेश कन्नौजे, कलेक्टर रजत बंसल, एएसपी दीपक झा, स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्थानीय प्रशासन के अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत शहीद वीर नारायण सिंह अंग्रेजों से लोहा लेते हुये 10 दिसम्बर 1857 को वीरगति को प्राप्त हुए थे। उन्हें 1857 के क्रांति में छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने का गौरव प्राप्त है। सोनाखान शहीद वीर नारायण सिंह की जन्मभूमि एवं कर्मभूमि है। राज्य सरकार सोनाखान को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने लिए प्रतिबद्ध है। इसी के तहत यहां पर चरणबद्ध विकास कार्यों को लगातार मंजूरी दी जा रही है।

युवक ने नाबालिग प्रेमिका की नृशंस हत्या, मामला दर्ज

बिलासपुर (आरएनएस)। 11 दिसंबर को एक युवक ने अपनी नाबालिग गर्लफ्रेंड की हत्या कर दी है। उसे शक था कि लडक़ी किसी और से बात करती है, वह किसी और से मिलती भी है। जिसके चलते पहले प्रेमी ने प्रेमिका से विवाद किया। फिर पत्थर से सिर कुचलकर उसकी हत्या कर दी। बाद में खुद थाने जाकर सरेंडर कर दिया है। मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, 9वीं में पढऩे वाली छात्रा का बापू नगर निवासी यश खुसरैल(19) से प्रेम प्रसंग था। दोनों काफी बातें किया करते थे। लंबे समय से दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। मगर कुछ समय पहले से यश नाबालिग पर शक करने लगा था। वह लडक़ी पर चरित्र शंका करता था। इस बात को लेकर वह उससे कई बार झगड़ा भी कर चुका था।

बताया गया कि शनिवार शाम को दोनों किसी का जन्मदिन मनाने निकले थे। इसी दौरान यश उस लडक़ी को सिलपहरी स्थित हरदी रोड के राधे इंडस्ट्रीज के आस-पास ले गया था। वहां उसने पहले तो लडक़ी से विवाद किया। फिर उसका गला भी दबाया। इसके बाद पत्थर से सिर कुचलकर लडक़ी की हत्या कर दी और शव को वहीं छोडक़र वहां से निकल गया। कहा गया है कि घटना के बाद यश वहां पर कुछ देर तक घूमता भी रहा था। रातभर लडक़ी का शव वहीं पड़ा रहा। उधर, जब लडक़ी रात तक घर नहीं पहुंची, तब उसके परिजन भी उसकी तलाश कर रहे थे। मगर लडक़ी का कुछ पता ही नहीं चला।

वहीं अगले दिन रविवार सुबह को युवक तोरवा थाने पहुंच गया और उसने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। चूंकि मामला सिरगिट्टी इलाके का था। इसलिए तोरवा पुलिस ने युवक को सिरगिट्टी पुलिस के हवाले कर दिया है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में ही आरोपी ने पूरे घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी है। बताया जा रहा है कि युवक 12वीं की पढ़ाई के बाद से घर पर ही रहता था। वह कुछ काम नहीं करता था।

मगरलोड पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

- पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले की समीक्षा के दौरान थाना प्रभारी को त्वरित कार्यवाही के दिये थे निर्देश

धमतरी (आरएनएस)। आरोपी विजेन्द्र दास मानिकपुरी के देशी शराब दुकान मगरलोड मे मुख्य विक्रयकर्ता के पद पर पदस्थ रहते हुये दिनांक 01.06.2020 की शराब बिक्री रकम 544320/- रूपये मे से 190000/- रूपये जमा किया व 354320/- रूपये जमा नही किया व दिनांक 03.08.2020 की शराब बिकी राशि 985920/ मे से 920/ एवं 720/- रूपये जमा किया व 985000/- रूपये जमा नही किया व 920/- रूपये के बैंक जमा मे 920/- के आगे 985/- जोडकर 985920/- रूपये कूटरचित पर्ची जमा कर लाभ अर्जन के उद्देश्य से शेष राशि को गवन कर धोखाधडी करना पाये जाने पर प्रार्थी आबकारी उनि. वैभव मित्तल की शिकायत जांच आवेदन पर थाना मगरलोड के अपराध क्र. अपराध क्रमांक: - 34 / 2021धारा: - 409, 420, 467, 468, 471भादवि0 कायम कर विवेचना मे लिया गया था।

जिस पर पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत ठाकुर द्वारा उक्त मामले की समीक्षा कर थाना प्रभारी को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिये गए थे।

जिसमें थाना प्रभारी द्वारा मामले मे विवेचना दौरान आरोपी की पता साजी की जा रही थी।

की मुखबीर से सूचना मिली की आरोपी विजेन्द्र दास रायपुर में किराये का मकान लेकर छिपकर रह रहा है कि रायपुर पुलिस टीम रवाना कर आरोपी विजेन्द्र दास के किराये के मकान पुरानी बस्ती मे दबिश देकर आरोपी को हिरासत मे लेकर थाना लेकर आये जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया है। आरोपी:- विजेन्द्र दास मानिकपुरी पिता स्व. मनराखन दास आयु 28 वर्ष निवासी- घठुला, थाना-सिहावा उक्त कार्यवाही मे निरी. राजेश जगत, सउनि. धनीराम नेताम, आर. गजानंद साहू एवं आर. संदीप पाण्डे आर गोविंदा घृतलहरे का विशेष योगदान है।

राज्यपाल ने की राजाराव पठार में आयोजित भव्य वीर मेला की सराहना

- शहीद वीर नारायण सिंह के भव्य प्रतिमा का किया अनावरण

दल्लीराजहरा (आरएनएस)। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने जिले के गुरुर विकासखंड मे राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप राजाराव पठार मे आयोजित वीर मेला के अंतिम दिन के कार्यक्रम मे शामिल होकर कार्यक्रम की भूरी-भूरी सराहना की। उन्होंने वीर मेला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे अनुपम एवं अद्वितीय बताया। इस अवसर पर उन्होंने मेला परिसर में निर्मित विशाल वीर नारायण सिंह जी के नवनिर्मित प्रतिमा का अनावरण भी किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पिछले वर्ष वीर मेला मे शामिल होकर मेला परिसर मे शहीद वीर नारायण सिंह की विशाल प्रतिमा निर्माण, देवस्थल सहित विभिन्न विकास कार्यो के लिए 65 लाख रुपये की घोषणा की थी। इस राशि से वीर मेला परिसर मे विभिन्न विकास कार्य किये जा रहे हैं। कार्यक्रम मे कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद मोहन मंडावी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविन्द नेताम,अनुचित जनजाति अयोग के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नंद कुमार साय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाज प्रमुखगण मौजूद थे। इस अवसर पर उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान एवं उनके योगदानों का स्मरण करते हुए उसे अतुलनीय बताया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के स्वाधीनता संग्राम का इतिहास जनजातीय नायकों एवं वीर पुरुषों के बलिदानो से भरा पड़ा है। सुश्री उइके ने शहीद वीर नारायण सहित आदिवासी समाज के सभी महापुरुषों का पुण्य स्मरण करते हुए उन्हे सादर नमन किया। राज्यपाल ने उनके द्वारा जनजाति समाज के हितों के संरक्षण हेतु किये गए प्रयासों की भी जानकारी दी। कार्यक्रम स्थल मे पहुंचने के पश्चात राज्यपाल ने सर्वप्रथम देव स्थल मे पहुंचकर पूजा अर्चना की। कार्यक्रम स्थल मे पहुंचने पर परम्परागत आदिवासी नृत्यों एवं वाद्य यंत्रो के साथ राज्यपाल का भव्य तथा आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने गोंड समाज युवक युवती परिचय सम्मेलन पुस्तक का भी विमोचन किया। कार्यक्रम को पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविन्द नेताम ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर स्वागत भाषण आयोजन समिति के अध्यक्ष मानक दरपट्टी ने प्रस्तुत करते हुए समाज की मांगो की ओर राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट कराया। कार्यक्रम मे कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक जीतेन्द्र कुमार यादव , सेनानी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल डी आर अचला, सी ई ओ जिला पंचायत डॉ रेणुका श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियो के अलावा सामजिक प्रतिनिधि एवं विशाल संख्या मे आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नंo 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुo सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा तकनीकी शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं सम्मान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU